## खबर संक्षेप

### करिकुलम विटे में मुस्कान प्रथम

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग में बीकॉम तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए मेंटर्स अजय पाल सिंह व आकांक्षा शर्मा के निर्देशन में करिकुलम विटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम मुस्कान, द्वितीय कृतिका और तृतीय स्थान दक्ष ने प्राप्त किया। जबकि सांत्वना पुरस्कार टीना को मिला।

### राणा सांगा जयंती पर कथा शुरू

**पानीपत।** महाराणा संग्राम सिंह उर्फ राणा सांगा की जयंती पर राजपूत धर्मशाला में कथा वाचक वृंदावन से पधारे बृजभूषण महाराज ने अपने गायक मंडली के साथ कथा का प्रवचन किया और यह कथा राणा सांगा के सम्मान में सात दिन तक चलेगी। कथा वाचक बृजभूषण महाराज ने कहा है कि राणा सांगा एक वीर योद्धा थे। इस अवसर पर भजन गायक मनोज भारद्वाज, गंगाराम पाठक, बिजेंद्र तिवारी,नरेंद्र राणा, सभा के संरक्षक वीरेंद्र चौहान, आनंद पाल राणा एडवोकेट, डॉ. विजय राणा, अजय सिंह राणा, सुमित्रा राणा, मिथलेश देवी, सुमन राणा, बीरमती कश्यप, रजनी कश्यप व विधाता सिंह आदि उपस्थित रहे।

### शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** बैसाखी पर्व पर अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक में जलियावाला बाग के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र मलिक, संयुक्त किसान मोर्चा के जिला संयोजक जय करण कादियान, सहसंयोजक सुनील दत्त, दिलावर सिंह राठी, सीटू जिला सचिव जय भगवान व कोषाध्यक्ष नवीन सपडा आदि उपस्थित रहे।

### बलिदानियों को नमन किया

**पानीपत।** आर्य बाल भारती स्कूल में जलियांवाले बाग में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। हिंदुस्तान स्काउट गाइड के जवानों ने अध्यापकों के साथ मिलकर शहीदों को याद करते हुए नशा मुक्ति अभियान चलाया। इस अवसर पर राहुल संधू निजामपुर, सोनिका दहिया, सुमन हुड्डा, अंजू देवी, सुनील कुमार, सोनिका आदि मौजूद रहे।

### चैंपियनशिप में साहिल ने गोल्ड जीता

**पानीपत।** नई दिल्ली में प्रेसिडेंट ऑफ फिटनेस बॉडी बिल्डिंग संगठन द्वारा मास्टरमाइंड ऑफ एशिया पावरलिफ्टर चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें पानीपत जिले के गांव राजाखेड़ी निवासी साहिल कुमार ने 64 किलोग्राम बार वर्ग में जूनियर कैटेगरी में 155 किलोग्राम वेट उठाकर गोल्ड मेडल जीतकर माता-पिता,कोच रामनिवास उर्फ बिट्टू तथा जिले का नाम रोशन किया।

### रिटायर कर्मियों ने बैठक की

**पानीपत।** नगर निकाय के सेवानिवृत्ति अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक हुई। जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्यों के बारे में चर्चा की गई एवं उनसे समाधान के लिए सुझाव मांगे गए। बैठक में कृष्ण लाल आदि उपस्थित रहे।

### श्री सोमनाथ धाम में उत्सव मनाया

**पानीपत।** श्री सोमनाथ धाम आश्रम निंबरी का वार्षिकोत्सव विश्व जागृति मिशन पानीपत मंडल द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर आनंदधाम आश्रम दिल्ली से आए प्राचार्य शेष कुमार ने प्रवचन किए। कार्यक्रम में विजय लक्ष्मी पालीवाल, डा.पुष्पा आहूजा, संदीप देशवाल, उझा गांव की सरपंच रेनु बाला, राम नारायण रावल, यशपाल चौधरी, डॉ.जगजीत आहूजा, इंद्र चुघ गिरीश अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

### झांसा गांव में धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती

**कुरुक्षेत्र।** झांसा गांव में महंत ठाकुरदास महाराज द्वारा हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। महंत ठाकुरदास महाराज ने गंववसियों को हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदू धर्म में चैत्र को 12 महीनों में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

---

#### शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने किया उद्घाटन

# आईएमपावर एकेडमी फॉर स्किल्स का किया शुभारंभ

*एकेडमी का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में 10,000 युवाओं को इंडस्ट्री रिलेटेड वोकेशनल ट्रेनिंग प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। आईएमपावर एकेडमी फॉर स्किल्स का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए अतिथिगण। फोटो :हरिभूमि

युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए एवं भारत सरकार के कौशल भारत मिशन के साथ तालमेल बिठाते हुए, एम3एम फाउंडेशन ने श्री माधव जन सेवा न्यास गांव पट्टीकल्याणा जिला पानीपत में अपने प्रमुख कार्यक्रम कौशल संबल के तहत आईएमपावर एकेडमी फॉर स्किल्स का उद्घाटन किया। वहीं शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा द्वारा उद्घाटन की गई एकेडमी का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में 10,000 युवाओं को इंडस्ट्री रिलेटेड वोकेशनल ट्रेनिंग प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है। इस पहल का उद्देश्य वंचित युवाओं को कई ट्रेडों में प्रेक्टिकल स्किल और रोजगार के अवसर प्रदान करना है। वहीं मंत्री ढांडा ने कहा कि यह पहल युवाओं को कौशल-आधारित प्रशिक्षण के साथ सशक्त बनाएगी, जो भारत की अर्थव्यवस्था और विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी। वहीं एकेडमी इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, बेडसाइड केयर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, कंप्यूटर संचालन, सहायक सौंदर्य चिकित्सक, निर्माण सहायक, बढ़ई, और अधिक सहित ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान करेगी। पाठ्यक्रम पारंपरिक और आधुनिक औद्योगिक मांगों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। वहीं, इस पहल को श्री माधव जन सेवा न्यास, एड-एट-एक्शन, एनआईईडी और वास्तुकुल के सहयोग से लागू किया जा रहा है। जबकि एम3एम ग्रुप के चेयरमैन एंड फाउंडर बसंत बंसल कहा कि इस क्षेत्र में अपनी तरह का यह पहला प्रमुख संस्थान युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों में शामिल होने और रोजगार योग्य, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनने के लिए आकर्षित करेगा। इधर, एम3एम फाउंडेशन की चेयरपर्सन एंड ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने कहा कि "युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास आवश्यक है। इस कार्यक्रम में पवन जिंदल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राज्य संघचालक, विधायक प्रमोद विज, प्रशांत हरतालकर आदि उपस्थित रहे।

---



पानीपत। संत राजेंद्र महाराज के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रवक्ता सौरव नरूला व प्रधान स.राजा सिंह। फोटो :हरिभूमि

# संत राजेंद्र सिंह 17 अप्रैल को पानीपत में

- सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष सत्संग व नामदान करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

सावन कृपाल रूहानी मिशन के अध्यक्ष संत राजेंद्र सिंह 17 अप्रैल को सत्संग प्रवचन व नामदान के कार्यक्रम के लिए पानीपत पधार रहे हैं। यह जानकारी देते हुए बरसत रोड कृपाल आश्रम के प्रधान सरदार राजा सिंह, उप प्रधान जोगिंदर नरूला, सचिव योगराज खुराना, सतीश सचदेवा, मीडिया प्रभारी चमन गुलाटी, योगराज, गगन ईशपुनानी, गुलशन, राकेश मुथरेजा व सतीश सचदेवा ने बताया कि संत राजेंद्र 17 अप्रैल को शाम 7 बजे हुडा सेक्टर 13-17 में यमुना एनक्लेव के सामने स्थित हुडा ग्राऊंड में आयोजित सत्संग में प्रवचन करेंगे। सत्संग के इस कार्यक्रम का आयोजन सावन कृपाल रूहानी मिशन की नूरवाला में स्थित कृपाल आश्रम पानीपत शाखा के द्वारा किया जा रहा है। सत्संग के इस कार्यक्रम में सिर्फ पानीपत से ही नहीं बल्कि भारत के विभिन्न राज्यों के हजारों लोगों के अलावा विदेशों से भी संगत भाग ले रही है। वहीं 17 अप्रैल की रात को 9 बजे प्रभु प्राप्ति के जिज्ञासुओं के लिए नामदान आध्यात्मिक दीक्षा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

---

# श्री गुरु ग्रंथ का प्रकाश कर बैसाखी मेले का उद्घाटन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



डेरा बाबा जोध सचियार के सत्संग हॉल में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का भव्य प्रकाश कर तीन दिवसीय बैसाखी मेले का शुभारंभ किया गया। कमेटी के सरपरस्त अरुण भयाना ने बताया कि सिरसा से विशेष तौर पर आए लवप्रीत सिंह ने कीर्तन दरबार कर साध संगतों को गुरबाणी से जुड़ने का संदेश दिया। वहीं धर्म और समाज की रक्षा के लिए लोगों को आगे आना चाहिए। इधर, हजूरी रागी कंवलजीत सिंह, सरदार इंद्रजीत सिंह, स्त्री सत्संग सभा डेरा बाबा जोध सचियार व सरदार महेंद्र सिंह ने कीर्तन कर साध संगतों को निहाल किया। इधर, मेला में देश व विदेशों से बडी संख्या में श्रद्धालु बाबाजी का आशीर्वाद लेने पहुंच रहे है। इस अवसर पर रामनाथ भयाना, विनोद भयाना, सरदार सुरजीत सिंह, राकेश भयाना, वेद बठला, कमल भयाना, नरेंद्र भयाना हांसी वाले आदि मौजूद रहे।

---

# वोल्फ पैक इलेवन ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

## सलीम को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



डीआर कार्पोरेट 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के विजेता खिलाड़ी प्रसन्न मुद्रा में।

डीआर इंटरनेशनल स्कूल मैदान गांव काकोदा, पानीपत में आठवें डीआर कार्पोरेट 20-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में वोल्फ पैक इलेवन ने बुआना लाखू को पराजित किया। वहीं बुआना लाखू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 194 रन बनाए। जबकि लक्ष्य का पीछा करते हुए वोल्फ पैक इलेवन ने 19वें ओवर में 3 विकेट पर 195 रन बना फाइनल मैच जीत लिया। टूर्नामेंट में लक्ष्य खोखर ने सर्वाधिक 287 व अजित मलिक ने 232 रन बनाये, अवि वर्मा ने सर्वाधिक 13 विकेट लिए व रविंद्र मास्टर ने 11 विकेट लिए। 127 रन व 9 विकेट लेकर ऑलराउंडर प्रदर्शन करने वाले सलीम को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया, विजय राणा सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुने गये, टूर्नामेंट के फाइनल मैच में डी आर इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन कपिल भारद्वाज व विशिष्ट अतिथि अजय गोयल ने वोल्फ पैक इलेवन टीम के कप्तान सोनू खोखर को विजेता ट्राफी प्रदान की। इस अवसर पर सोनू गोयल, सतेंद्र पहल, दीपक मलिक, अमित, सुमित खोखर, जयबीर खोखर आदि मौजूद रहे।

---

# पानीपत में श्री कृष्ण-बलराम रथ यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। भगवान श्री कृष्ण-बलराम रथ यात्रा महोत्सव में भाग लेते पूर्व सांसद संजय भाटिया आदि श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

इस्कॉन कुरूक्षेत्र व इस्कॉन प्रचार समिति पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में ऐतिहासिक नगरी पानीपत में श्रीमद् भागवत कथा एंव भगवान श्री कृष्ण-बलराम रथ यात्रा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। दोपहर के सत्र में एक सत्संग एवं संकीर्तन का आयोजन विकास जुनेजा के निवास स्थान पर किया गया हरी नाम का संकीर्तन किया गया। वहीं शाम को भगवान श्री कृष्ण-बलराम रथ यात्रा निकाली गई। सर्व प्रथम भगवान श्री कृष्ण व बलराम जी के साथ इस्कॉन संस्थापक आचार्य परम भक्त प्रभुपाद जी को सुंदर व भव्य रूप से सुज्जित रथ पर विराजित किया गया। मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, पूर्व सांसद संजय भाटिया, विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, हरपाल ढांडा, डॉ अर्चना गुप्ता, गजेंद्र सलूजा, दुष्यंत भट्ट, अशोक आर्य, संजय अग्रवाल, अविनाश पालीवाल, रथ यात्रा डायरेक्टर सियाराम गुप्ता, रथ यात्रा चेयरमैन राम निवास गुप्ता, इस्कॉन प्रचार समितिं पानीपत के अध्यक्ष सुन्दर लाल चुघ, सहध्यक्ष अशोक गोयल, तरुण जेठी, राजेश गोयल, हरि ओम तायल, सुरेश तायल, विभु पालीवाल, प्रवीन नंदवानी, संजय कटारिया, सतीश बुद्धिराजा, इंद्रजीत कथूरिया, पंकज, विजय जैन, नीरज ,देवेंद्र महाजन, अरविंद सिंघल मुख्य अतिथियो ने नारियल तोड कर रथ यात्रा का शुभारंभ किया।

---

# थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए 38 ने रक्तदान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। थैलेसेमिया पीड़ित बच्चों के रक्तदान करते हुए परशुराम महाराज।

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ रक्तदान शिविर का आयोजन श्री राम ग्रुप व मदद रक्त सेवा द्वारा संयुक्त रूप से रेडक्रॉस ब्लड बैंक पानीपत में किया गया जिसमें कुल 38 यूनिट रक्त एकत्रित हुए। इस अवसर पर परशुराम महाराज ने रक्तदानियों को सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं भी रक्तदान किया। हरियाण लोहा व्यापार संघ के चेयरमैन व श्री राम ग्रुप के चेयरमैन जयपाल सिंह ने सभी रक्तदानियों का आभार जताया व उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर नरेंद्र गुप्ता, पवन, जयपाल सिंह, मार्विन चौधरी, मोनू कुमार, जगदीश कुमार, अजय आदि उपस्थित रहे।

---

# छात्रों ने गुरबाणी कीर्तन के साथ सिख इतिहास का वर्णन किया

- इसराना साहिब में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इसराना



खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब में

खालसा प्रचार गुरुद्वारा संत भवन इसराना साहिब में रविवार को बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरबाणी पाठ और शब्द कीर्तन के माध्यम से सिख इतिहास की गाथाएं सुनाई गईं। गुरुद्वारा के संत राजेंद्र सिंह ने बताया कि बैसाखी का दिन सिख इतिहास में स्वर्णिम दिन है। इसी दिन गुरु गोविंद सिंह जी ने पांच प्यारों को अमृत छका कर सिंह की उपाधि दी थी। उन्होंने सिख संगत को सिंह और कौर की उपाधि प्रदान की थी। वहीं, कार्यक्रम में कथावाचक निर्मल सिंह धुलकोट, रागी जथा भाई हरकीरत सिंह पानीपत और भाई भरत सिंह जवैदी टक्साल ने शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया। बाबा फतेह सिंह अकादमी के छात्रों ने भी गुरबाणी कीर्तन के साथ सिख इतिहास का वर्णन किया। जबकि संत राजेंद्र सिंह ने समाज में फैल रही नशे की बुराई से दूर रहने और गुरुओं का स्मरण करने का संदेश दिया।

---

# इंसान को कर्म का बोध कराता है भागवत सत्संग

## धर्म करने के लिए भी पहले हमें कर्म करना पड़ेगा

- पंडित राधे-राधे महाराज ने कहा के कर्म के बिना धर्म की कल्पना करना निरर्थक है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



श्रीमद् भागवत कथा सुनाते पंडित राधे राधे महाराज। फोटो :हरिभूमि

श्री अवध धाम मंदिर वार्षिक महोत्सव एवं हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में श्री अवध धाम सेवा समिति के तत्वावधान में कुटानी रोड स्थित श्री अवध धाम मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस पर सत्संग प्रसंग पर चर्चा करते हुए प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत रशिक पंडित राधे-राधे महाराज ने व्यास मंच से कहा कर्म का बोध केवल सत्संग ही करा सकता है। ऐसा शास्त्रों में वर्णन आया है कर्म के बिना मनुष्य विचाराधीन रहता है। केवल विचार की दुनिया के अंदर भूला भटका जा इधर उधर का चिंतन करता हुआ अपने आप को खो देता है यदि हम कर्म के अनुसार अपने जीवन को नहीं व्यतीत करते तो समझो यह वही बात है जिस प्रकार से बिना घास की कोई हिरण चारावहां में चर रहा हो पंडित राधे-राधे महाराज ने कहा के कर्म के बिना धर्म की कल्पना करना निरर्थक है क्योंकि कर्म ही धर्म की प्रथम सीढ़ी है धर्म करने के लिए भी पहले हमें कर्म करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हम सब कर्म के बंधन में बंधे हुए और कर्म के बंधनों में जो व्यक्ति बंद कर सत्कर्म करता है भक्ति करता है आराधना करता है वही धार्मिक होकर प्रभु को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर रमेश चुग, उत्सव संयोजक सुरेश काबरा, अशोक नारंग सतीश तागरा, तिलकराज मिगलानी, कमल राणा, प्रीतम गुर्जर, पार्षद अंजना, वीरेन्द्र शर्मा, ओम प्रकाश विरमानी, डॉ. अनुरुद्ध तागरा, अजय बंसल, जोगिंदर भट्ट, पवन राणा, अमित मक्कड़, सभी ने व्यासपीठ पूजन करके दाऊजी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

**भक्ति** शोभायात्रा निकाल प्रभु हनुमान व शनि महाराज की मूर्तियां स्थापित की

# हनुमान जी का जीवन एक आदर्श है,जो हमें भक्ति समर्पण और सेवा के महत्व का पाठ सिखाता है

- मां व पिता के चरणों में है स्वर्ग : जगपाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा



समालखा की संगम कालोनी के हनुमान मंदिर में यज्ञ करते जगपाल जौरासी व परिजन आदि। फोटो :हरिभूमि

समालखा की संगम कॉलोनी के हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर मंदिर में प्रमुख समाज सेवी जगपाल जौरासी ने अपनी मां चंद्रो देवी की याद में अपने भाई विनोद, सुभाष व अन्य परिजनों के साथ यज्ञ किया और मंदिर में भगवान हनुमान व शनि महाराज की मूर्तियों की स्थापना करवाई। इससे पूर्व कॉलोनी की महिलाओं ने कलश यात्रा भी निकाली। दोपहर के समय भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जगपाल जौरासी ने कहा हनुमान जी का जीवन एक आदर्श है,जो हमें भक्ति, समर्पण और सेवा के महत्व का पाठ सिखाता है। हनुमान जी हमें मुश्किल समय में साहस और शक्ति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी मां व पिता की सेवा करनी चाहिए। वहीं माता व पिता के चरणों में ही स्वर्ग है। इस अवसर पर समाज सेवी जगपाल गाहल्याण, विनोद गाहल्याण, महा सिंह गाहल्याण, सुभाष गाहल्याण, सुनील शर्मा, राजेश पंवार, धर्मवीर, रामनिवास, जयपाल छौकर, हंसराज, सुरेश, पार्षद कप्तान छौकर, कुलदीप जांगड़ा, रणवीर आट्टा समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

*शाम को भंडारा और जागरण का किया आयोजन*

# मां महाकाली मंदिर में 8 मूर्तियों की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



सिलसला रोड़ स्काईट कॉलेज के नजदीक नवनिर्मित मां महाकाली मन्दिर में संस्थापक गुरु सुनील नाथ महाराज के सानिध्य में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मां महाकाली के साथ साथ 8 अन्य देवी देवताओं की मूर्तियों की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा करवाई गई। मस्त फक्कड़ नाथ शिव शक्ति आश्रम ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष जितेन्द्र बंसल ने बताया कि जयपुर में मंगवाईं गई इन विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्तियां की नगर परिक्रमा करवाई गई और फिर इनकी प्राण-प्रतिष्ठा हुई, शाम को विशाल भंडारा व जागरण हुआ। विशेष तौर से ददरेवा धाम राजस्थान से महन्त बालयोगी कृष्ण नाथ व मारकंडा डेरा शिव मन्दिर झांसा से योगी बाबा पाल नाथ पधारे। जागरण में महामाई का गुणगान राजफुल कुचरानियां, प्रियंका मालरा, मनोज वशिष्ठ व वृन्दावन से आए योगी राज ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव सुमित पाठक, कोषाध्यक्ष उमा (शिव दुलारी), सुमित मैहला, अश्विनी शर्मा, भक्त गौरव शर्मा, हठयोगी गोविंद नाथ, अभिषेक आदि मौजूद रहे।राकेश बंसल, रमेश गोलन, उज्जवल, दीपांशु, अमित, सतपाल, निक्का, विपिन, तिलक राज, पूनम, पिंकी, काव्यांश, रोहिल, मुकेश, अमित, रवि, सुषमा, पिंकी, मलखान, प्रभा, अंशिका, सुमन, स्मृति, चेतना, रीता, पूनम, वेद प्रकाश आदि मौजूद रहे।

